# 2 राजस्थान के महल, पैलेस व स्मारक

1. किसे 'भारतीय मूर्तिकला का विश्वकोष' कहा जाता है?
(1) कीर्तिस्तम्भ (2) विजयस्तम्भ
(3) सरगासूली (4) जवाहर बुर्ज (2)

व्याख्या– विजयस्तम्भ को 'हिन्दू देवी देवताओं का म्यूजियम' भी कहा जाता है। गोपीनाथ शर्मा ने इसे लोकजीवन का रंगमंच कहा है।
डॉ. गोट्ज ने इसे भारतीय मूर्तिकला का विश्वकोष/शब्दकोष कहा है।
विष्णु को समर्पित होने के कारण डॉ. उपेन्द्र नाथ ने विजय स्तम्भ को 'विष्णुध्वज' के नाम से पुकारा है।
गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने इसे 'पौराणिक देवताओं का अमूल्य कोष' कहा है। फर्ग्यूसन ने इसकी तुलना 'रोम के टार्जन' से की है।

2. 'हाड़ौती का ताजमहल' किसे कहा जाता है?
(1) जगमंदिर महल (2) अभेड़ा महल
(3) बादल महल (4) अबला मीणी का महल (4)

3. हवामहल का निर्माण कब करवाया गया था?
(1) 1799 (2) 1699 (3) 1899 (4) 1793 (1)

व्याख्या– हवामहल का निर्माण 1799 ई. में सवाई प्रतापसिंह ने करवाया था। यह महल जयपुर में बड़ी चौपड़ के पास स्थित है।

4. अजमेर स्थित मेयो कॉलेज की स्थापना कब की गई थी?
(1) 1870 (2) 1879 (3) 1899 (4) 1875 (4)

व्याख्या–1870 ई. के लार्ड मेयो के 'अजमेर दरबार' में इस कॉलेज खोलने का प्रस्ताव रखा गया था। इसके बाद अक्टुबर 1875 में इस कॉलेज की स्थापना अजमेर में की गई।

5. 'राजस्थान का ताजमहल' के नाम से किसे जाना जाता है?
(1) काकाजी की दरगाह (2) अबला मीणी का महल
(3) तलहटी महल (4) जसवंत थड़ा (4)

व्याख्या– जसवंत थड़ा का निर्माण सरदार सिंह ने 1899 ई. में अपने पिता जसवंत सिंह द्वितीय की याद में करवाया था।

6. उदयपुर के राजमहल (सिटी पैलेस) का निर्माण किसने करवाया था?
(1) उदय सिंह (2) जगतसिंह द्वितीय
(3) कर्णसिंह (4) जगतसिंह प्रथम (1)

7. डूँगरपुर का 'एक थम्बिया महल' किस झील के किनारे बना है?
(1) फूलसागर (2) छत्रविलास तालाब
(3) गैप सागर (4) उदयसागर (3)

व्याख्या– गैप सागर झील के तट पर बने उदयविलास महल के अन्दर एक थम्बिया महल बना हुआ है जिसका निर्माण महारावल शिव सिंह ने राजामाता ज्ञान कुंवर की स्मृति में शिव ज्ञानेश्वर शिवालय के रूप में करवाया था।

8. जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस का दूसरा नाम क्या है?
(1) जोधपुर पैलेस (2) छीतर पैलेस
(3) मारवाड़ पैलेस (4) राठौड़ पैलेस (2)

9. अपने भित्ति चित्रों व कलात्मकता के लिए प्रसिद्ध डूँगरपुर के जूना महल का निर्माण किसने करवाया था?
(1) रावल वीरसिंह देव (2) महारावल आसकरण
(3) महारावल शिवसिंह (4) महारावल पुंजराज (1)

10. 1857 की क्रांति के समय नीमच छावनी से भागे अंग्रेजों को मेवाड़ के किस महल में रखा गया था?
(1) जगमंदिर महल (2) जगनिवास महल
(3) बागोर हवेली (4) राजमहल (1)

11. किस विद्वान ने जयपुर के परकोटे को 'क्रेमलीन की दीवारों' से सुन्दर बताया था?
(1) बिशप हैबर (2) कर्नल टॉड
(3) जैकलीन कैनेडी (4) स्विंटन जैकब (1)

12. अथितियों को ठहराने के लिए बनाया गया वह महल, जो मुगल राजपूत व यूरोपीय शैली में निर्मित है?
(1) चन्द्रमहल (2) मुबारक महल
(3) सामोद महल (4) अल्बर्ट हॉल (2)

व्याख्या– इस 2 मंजिला कलात्मक भवन के भूतल पर एक टैक्सटाईल गैलेरी संचालित है। प्रथम मंजिल पर पोथीखाना बना है, जो राजपरिवार का निजी पुस्तकालय है। यह महल जयपुर के सिटी पैलेस में स्थित है।

13. जयपुर के परकोटे को यूनेस्को ने विश्व धरोहर की सूची में कब शामिल किया था?
(1) 6 जुलाई 2019 (2) 6 अगस्त 2019
(3) 6 मई 2019 (4) 6 सितम्बर 2019 (1)

14. राजस्थान का नया विधानसभा भवन जयपुर में कहाँ स्थित है?
(1) मानसरोवर (2) लालकोठी
(3) क्षिप्रा पथ (4) विद्याधर नगर (2)

15. महारानी विक्टोरिया की स्वर्ण जयंती के स्मृति स्वरूप बना जुबली क्लॉक टॉवर कहाँ स्थित है?
(1) जयपुर (2) उदयपुर
(3) अजमेर (4) जोधपुर (3)

16. 'मुबारक महल' जिसमें बकरा ईद पर ऊँट की कुर्बानी दी जाती थी, जो वर्तमान में बंद है, यह मुबारक महल कहाँ पर स्थित है?
(1) करौली (2) उदयपुर (3) टोंक (4) जोधपुर (3)

17. 'ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग' की यात्रा के लिए शिकार स्थल के रूप में अलवर महाराजा जयसिंह ने कौन सा पैलेस बनवाया?
(1) सिटी पैलेस (2) लेक पैलेस
(3) सरिस्का पैलेस (4) पुर्जन विहार (3)

18. सन् 1883 में स्वामी दयानन्द सरस्वती ने निम्न में से किस महल में अपने उपदेश दिए–
(1) केसर निवास महल (2) मुबारक महल
(3) राईका बाग पैलेस (4) सरदारसमंद महल (3)

व्याख्या– राईका बाग पैलेस का निर्माण महाराजा जसवंत सिंह प्रथम की हाड़ी रानी जसवंतदे द्वारा 1663-64 ई. में करवाया गया था। स्वामी दयानंद सरस्वती ने 1833 में इसी महल में उपदेश दिए थे।

19. **निम्न में से किसे स्थानीय लोग मेवा का मथारा कहते हैं–**
(1) विजय स्तम्भ  (2) एक थम्बिया महल
(3) दिवेर का विजय स्मारक  (4) काठ का रैन बसेरा महल (3)

**व्याख्या–** राजसमंद के दिवेर में राष्ट्रीय राजमार्ग 58 के निकट महाराणा प्रताप विजय स्मारक बना है। दिवेर को 'मेवाड़ का मैराथन' कहा जाता है, स्थानीय लोग इसे 'मेवा का मथारा' कहते हैं।

20. **जयपुर के हवामहल के बारे में निम्न में से असत्य कथन है–**
(1) यह जयपुर में बड़ी चौपड़ के पास बना है।
(2) यह महल 7 मंजिला है।
(3) यह भगवान कृष्ण के मुकुट के समान नजर आता है।
(4) इसका निर्माण सवाई प्रतापसिंह ने करवाया था। (2)

**व्याख्या–** यह हवामहल पाँच मंजिला है जिसकी मंजिलों का क्रम शरद मंदिर (भूतल),रतन मंदिर(प्रथम मंजिल), विचित्र मंदिर, प्रकाश मंदिर व हवा मंदिर है।

21. **सिसोदिया रानी बाग महल का निर्माण किस शासक ने करवाया था–**
(1) महाराजा प्रतापसिंह  (2) सवाई जयसिंह द्वितीय
(3) माधोसिंह द्वितीय  (4) मिर्जा राजा जयसिंह (2)

**व्याख्या–** इसका निर्माण सवाई जयसिंह द्वितीय ने अपनी सिसोदिया रानी चन्द्र कुंवरी (महाराणा अमरसिंह द्वितीय की पुत्री) के लिए 1728 ई. में करवाया था। इसमें मुगल शैली के बगीचे, फव्वारे, बरामदे व तिबारियाँ दर्शनीय हैं।

22. **निम्न में से कौनसा महल लकड़ी से निर्मित होने के कारण 'काष्ठ प्रासाद' कहलाता है–**
(1) उदय विलास महल  (2) अभेड़ा महल
(3) अबला मीणी का महल  (4) काठ का रैन बसेरा महल (4)

**व्याख्या–** झालावाड़ के तत्कालीन शासक महाराजा राजेन्द्र सिंह 1936 में लखनऊ में लगी एक प्रदर्शनी से खरीद कर यहाँ लाये थे और किशनसागर झील के किनारे स्थापित करवाया।

23. **जयपुर में स्थित अल्बर्ट हॉल का निर्माण किन दो मिस्त्रियों ने किया–**
(1) चन्दर व तारा  (2) हाथी व लूणा
(3) चन्द्रा व लूणा  (4) तारा व लूणा (1)

24. **अलवर में स्थित पुर्जन विहार का निर्माण किसने करवाया–**
(1) महाराजा शिवदान सिंह  (2) महाराजा मंगल सिंह
(3) महाराजा विनय सिंह  (4) महाराजा जयसिंह (1)

**व्याख्या–** पुर्जन विहार को 'कम्पनी गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। इसके मध्य बने समर हाउस का निर्माण महाराजा मंगलसिंह ने करवाया था।

25. **सवाई जयसिंह द्वारा निर्मित पाँचो वैधशालाओं में सबसे बड़ी वैधशाला कौनसी है–**
(1) जयपुर  (2) बनारस
(3) दिल्ली  (4) उज्जैन (1)

26. **जयपुर के सिटी पैलेस में स्थित जयनिवास उद्यान निम्न में से किस शासक द्वारा बनवाया गया–**
(1) सवाई जयसिंह  (2) मिर्जा राजा जयसिंह
(3) सवाई प्रतापसिंह  (4) सवाई ईश्वरी सिंह (1)

27. **निम्नलिखित युग्मों को सही सुमेलित कीजिए–**

| सूची–1 | सूची–2 |
|---|---|
| A. जग मंदिर | I. डूँगरपुर |
| B. एक थम्बिया महल | II. जयपुर |
| C. निहाल टॉवर | III. उदयपुर |
| D. सामोद महल | IV. धौलपुर |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | II | III | I | IV |
| (2) | III | I | IV | II |
| (3) | I | II | III | IV |
| (4) | I | III | II | IV |

(2)

28. **निम्नलिखित युग्मों को सही सुमेलित कीजिए–**

| सूची–1 | सूची–2 |
|---|---|
| A. गजनेर महल | I. अलवर |
| B. होप सर्कस | II. बीकानेर |
| C. जल महल | III. टोंक |
| D. सुनहरी कोठी | IV. जयपुर |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | II | I | IV | III |
| (2) | III | I | IV | II |
| (3) | I | II | III | IV |
| (4) | I | III | II | IV |

(1)

29. **प्रसिद्ध पर्यटक स्थल 'सामोद महल' राजस्थान के किस जिले में स्थित है।**
(1) जयपुर  (2) जोधपुर
(3) उदयपुर  (4) अजमेर (1)

**व्याख्या–** इसका निर्माण 1550 ई. में लगभग आमेर के शासक पृथ्वी राज कछवाहा के पुत्र रावल श्योसिंह ने करवाया था। यहाँ के शीश महल, सुल्तान महल, व दरबार हॉल दर्शनीय है। वर्तमान में इसे लग्जरी हॉटल में तब्दील कर दिया गया है।

30. **निम्नलिखित का मिलान कीजिए** (महल–स्थान)–


| | |
|---|---|
| (A) मुबारक महल | (I) डूंगरपुर |
| (B) सुनहरी कोठी | (II) टोंक |
| (C) रेशमा महल | (III) सीकर |
| (D) एक थंबिया महल | (IV) जयपुर |


सही कूट का चयन कीजिए–


| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | IV | II | III | I |
| (2) | III | I | IV | II |
| (3) | I | II | III | IV |
| (4) | I | III | II | IV |

(1)

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication
– धींधवाल पब्लिकेशन
– Dhindhwal Classes
– @Publication-DP
– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।